सिलावट समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता फाईव स्टार ने जीती

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के पानिया नाडा रोड स्थित एमसीसी मैदान में रविवार को सिलावट समाज की ओर से होली डे सिलावट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होली डे फाईव स्टार ने होली डे ओल्ड स्टार को हरा कर खिताब जीता।

आयोजन समिति ने बताया कि सिलावट समाज की प्रतिभा तराशने के लिए होली डे क्रिकेट क्लब द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के अतिथि शहजाद खां सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रतिभाओ को आगे आने का मौका मिलेगा। खिलाड़ी को खेल भावना से खेल खेलना चाहिए। उन्होंने ने समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़कर समाज का नाम देश प्रदेश स्तर पर रोशन करने की बात कही। पूर्व पार्षद व समाज सेवी अयुब खान शेख ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने मे मेरा जो सहयोग होगा। इसके लिए मे हमेशा तत्पर हूँ। इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन होना चाहिए। ताकि शिक्षा के साथ खेल में भी आगे बढ़ सके। समाज सेवी रहमान खान ने भी सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग की तेरह टीमे व जूनियर वर्ग की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ में अतिथियो ने सभी टीमों के कप्तान से परिचय कर उनका हौसला बढाया। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच होली डे फाईव स्टार बनाम होली डे ओल्ड स्टार के बीच खेला गया। जिसमें हॉलीडे ओल्ड स्टार ने पहले बैटिंग करते हुए 5 ओवर में 23 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हॉलीडे फाइव स्टार ने दो ओवर में जीत हासिल कर ली। इस तरह हॉलीडे फाइव स्टार ने ओल्ड स्टार को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। होली डे फाईव स्टार के सलीम जावेद मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार प्राप्त किया। वही मैन ऑफ द सीरिज ईमरान खान रहे। वहीं जूनियर वर्ग मे होली डे लिबरेशन आफ टाइगर ने फाईनल मैच जीतकर विजेता बनी। प्रतियोगिता मे विजेता व उपविजेता टीम को अतिथिगण द्वारा नकद पुरूस्कार व ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका सिराजुद्दीन खान,इमरान खान, सलीम जावेद, साबिर खान, हिमायत अली, असलम शेख व स्कोरर की भूमिका असलम खान ने निभाई। वहीं प्रतियोगिता में वसीम अकरम मोनु, अनवर खान ने कमेंट्री का दायित्व निभाया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सिराजुद्दीन, सलीम जावेद, ईमरान खान, ईरफान खान,एजाज अली की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम के उदघाटन व समापन में गायक कलाकार फारुख शेख दीवाना ने भी रंगा रंग प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर लियाकत अली, हबीब रहमान ,मोहम्मद रफीक शेख, राजू शेख जाकिर खान, रूबाब खान, बरकत खान, जहांगीर खान जानशेर खान, हिदायत खा, अमन, रफीक, वाजिद अली, संजय खान, अब्दुल मुनाफ, मोहसिन खान, शाहनवाज खान, यासर खान, मोहमद अली, अहवान, सीमू, नोहसीन सहित बडी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

जालोर में होली डे सिलावट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जोधपुर में बी.आर.टी.एस. बसों के पहिए थमे

जोधपुर, (कासं)। शहर में दौडऩे वाली बीआरटीएस बसों के पहिए सोमवार को थम गए। बसों के संचालन में आ रही बजट की कमी के कारण ये निर्णय लिया गया। सोमवार को इन बसों के चालकों ने चाबियां सौंप दी।

इन बसों का संचालन करने वाली फर्म का कहना है कि नगर निगम उत्तर के निर्देश पर संचालन बंद किया गया है। लंबे समय से निगम प्रशासन और बीआरटीएस बसों का संचालन करने वाली फर्म के बीच तनातनी चल रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि बसों के संचालन करने का फंड नहीं है, इसलिए इसे बंद कर दिया गया है। वहीं अब तक पूरे एक साल से बिना पैसे लिए बसों का संचालन करने वाली फर्म ने अब हाथ खड़े दिए हैं। फर्म ने सोमवार से शहर के दो रूट पर चलने वाली बीस बसों का संचालन बंद किया है। संचालनकर्ता फर्म ने सोमवार को निगम कार्यालय में बसों व चाबियों को सुपुर्द कर दिया। हालांकि 3 जुलाई को राज्य सरकार ने बसों के संचालन से संबंधित बकाया पैसा आवंटित कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी इन बसों को बंद किया गया है।

शहर में यह बसें सिर्फ दो रूटों पर चल रही थी। एम्स से आरटीओ ऑफिस तक 10 और चौपासनी से बनाड़ तक 10 बसें चलाई जा रही थी जबकि 19 बसें यूं ही खड़ी थी। बता दे कि कुछ साल पहले जोधपुर बस सर्विस लिमिटेड की ओर से शहर में 39 बसों का संचालन शुरू किया थी।

चिकित्सक शिक्षकों ने रोष जताकर नारेबाजी की

बाड़मेर में जिला कलैक्टर निशांत जैन को चिकित्सक शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर, (निसं)। राजमेस से जुडे चिकित्सक शिक्षकों की आठवें दिन सोमवार को भी मांगे नहीं माने जाने पर भारी रोष व्याप्त है। सोमवार की रोज चिकित्सक शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मांगों के समर्थन में जिला कलेक्टर निशांत जैन को ज्ञापन सौंपा।

एसोशिएशन के सचिव डॉ अनिल सेङ्गिया व डा पंकज अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट के दौरान चिकित्सक शिक्षकों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई है। पुराने चिकित्सक शिक्षकों को राज्य का दर्जा से दूर रखा है। वहीं आरएसआर रूल्स से वंचित किया गया है। जो अनुचित है। सरकार से अनुरोध है कि उनकी उचित मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर इसे खत्म करें, ताकि राज्य सेवा नियम सभी चिकित्सक शिक्षकों पर लागू कर सभी को डॉक्टर्स को समान अधिकार मिले। डॉ दीपक तंवर ने कहा कि यदि समय रहते सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तो आंदोलन को प्रदेश स्तर के निर्देशों के अनुरूप तेज व उग्र कर सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

राजमेश से जुडे चिकित्सक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व संभागीय आयुक्त के नाम डॉक्टर्स की उचित मांगों के समर्थन में ज्ञापन पत्र भी भेजा। डॉ. दीपक तंवर, डॉ. कमला वर्मा, डॉ. गिरीश बानिया, डॉ. खेताराम सोनी, डॉ. गिरीश कुमार, डॉ. अग्नेश सिंह शेखावत,डा सुरेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. मनीष बैरवा, डॉ. सवाई खत्री, डॉ. अलका लूनिया, डॉ. ज्योति पांडे, डॉ. मोतीलाल खत्री, डॉ. भीमराज सिंघवी, डॉ. रमेश कटारिया, डॉ. मदनलाल सोलंकी, डॉ. दिलीप चौधरी सहित कई चिकित्सक शिक्षक मौजूद रहे।

तूरा में छात्राओं को साइकिलें बांटी

तूरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला, (निसं)। सायला के निकटवर्ती तूरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2०24-25 में 9वीं कक्षा में अध्यनरत छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सायला भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बलवंतसिंह तुरा ने बताया कि शिक्षा के लिए समर्पित राज्य सरकार ने सत्र के प्रारंभ में ही साइकिलों का वितरण करके बालिकाओं के आवागमन को सुगम बनाने का प्रयास किया है। इसी तरह आगे भी सरकारी विद्यालय में बालिकाओं के लिए योजनाओं का लाभ सरकार द्वारा प्रदान किया जाता रहेगा। प्रधानाचार्य महेश बिश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढने वाली बालिकाओं को निशुल्क साइकिल के साथ ही सुदूर क्षेत्रों से आने वाले बालक बालिकाओं को ट्रांसपोर्ट वाउचर और पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ भी प्रदान किया जाता है इसी वजह से विद्यालय के नामांकन में भी बढोतरी हुई है एवं ग्रामीण बालक बालिकाओं का रुझान सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालयों के प्रति बढा है। विगत वर्षों में विद्यालय के मेहनती शिक्षकों की टीम द्वारा लगातार प्रयास करने के कारण बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। नरेंद्र कुमार बडोला, कैलाश प्रसाद महावर, संजय बेरवा, हिमताराम चौधरी, गोवर्धन मीणा, नरपत सिंह, मशीलाल, मेघवाल एवं कैलाश दवे सहित कई जने मौजूद रहे।

आहोर तहसील में पौधारोपण की औपचारिकता

जालोर, (कासं)। जालोर के आहोर तहसील परिसर में राज्य सरकार की ओर से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। लेकिन तहसील कार्यालय में पहले से लगे पौधे के पास पास ही पौधारोपण कर औपचारिकता पूर्ण कर ली।

आहोर तहसीलदार द्वारा राज्य सरकार के आदेशानुसार तहसील कार्यालय में पौधारोपण किया गया। लेकिन तहसील कार्यालय में काफी संख्या में पेड़ लगे हुए है। उन पेड़ो के पास ही पौधो का रोपण किया गया। तहसील कार्यालय में नीम का बड़ा पेड़ के महज एक फीट की दूरी पर ही पौधे का रोपण कर दिया। वही भी एक अधिवक्ता के चैम्बर में पौधे का रोपण कर दिया। ऐसे में पौधारोपण कार्यक्रम की आड़ में तहसील कार्यालय में महज औपचारिकता की गई।

रात्रि चौपाल आज

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर पूजा पार्थ 30 जुलाई को भीनमाल के कोरा ग्राम में सायं 7 बजे से रात्रि चौपाल करेंगी। अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना ने बताया कि रात्रि चौपाल के निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोरा ग्राम में रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर पूजा पार्थ ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगी।

भेटाला गांव की विद्युत संबंधित समस्या बताई

भेटाला की विद्युत समस्या को लेकर शिव सेना ने ए.डी.एम. शिवचरण मीणा ने ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शिवसेना ने नरसेवा नारायण सेवा अभियान के तहत सोमवार को भेटाला गांव की विद्युत संबंधित समस्या को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीणा को ज्ञापन दिया।

जालोर जिले के आहोर तहसील के भेटाला गांव में ट्रांसफर जलने के कारण घरों में विद्युत सम्बंधित वोल्टेज कम होने के कारण गांव के लोगों के विधुत उपकरण जैसे-कुलर, पंखा, मोटर, फिज आदि नहीं चल पा रहे हौ वही बार बार विधुत उपकरण झल रहे है, जिससे लोगों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा है। वही खासकर इस गर्मीयों के मौसम में लोगों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वही सही वोल्टेज नहीं आने पर बुजुर्ग लोगों को काफी परेशान होना पड रहा है। जिससे उनकी हालत खराब होती है।

शिवेसना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित, शिवेसना जिला सूचना एवं जनसम्पर्क प्रमुख अमित कुमार ओरण, व अन्य करणसिंह व बाबुलाल, कसनाराम, रामसिंह, दलपतसिंह, प्रवीणसिंह, भरतकुमार, श्रवणसिंह, भंवरलाल आदि मौके पर उपस्थित रहे।

शोध प्रस्तावों के परीक्षण पर कार्यक्रम शुरू

जोधपुर, (कासं)। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो.(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में तीन दिवसीय इंस्टिट्यूशनल रिसर्च कमेटी की बैठक का शुभारंभ हुआ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं छात्र-छात्रों को सम्बोधित करते हुआ कहा कि इस बैठक का उद्देश्य हमारे संस्थान में जारी सभी शोध परियोजनाओं की स्थिति का आंकलन करना और उन्हें और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाना है। उन्होंन कहा कि नई शोध परियोजनाओं के लिए अनुदान और संसाधनों का वितरण भी हमारी प्राथमिकता में रहेगा। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से आए शोधकर्ताओं ने अपनी परियोजनाओं के अपडेट प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो.गोविंद सहाय शुक्ल ने कहा कि विवि स्तर पर छात्र-छात्रों को शोध कार्यों के लिए उचित अनुदान राशि दी जाएगी। कमेटी चेयरमैन एवं प्राचार्य प्रो.महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा किए जा रहे ये शोध कार्य न केवल उनकी अकादमिक यात्रा में महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज के समग्र विकास में अहम हैं।

महादेव के जयकारे गूंजे

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में श्रावण महिने के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

वालेरा स्थित दुदेश्वर महादेव मंदिर मठ में महंत पारस भारती महाराज के सान्निध्य में दुग्ध एवं जलाभिषेक किया। प्रसादी का आयोजन किया। महिलाओं ने शिव-पार्वती के मंगल गीत गाए तथा उपवास किया।

निम्बोरानाथ महादेव मंदिर, लहर भारती कुटिया, बांटेश्वर महादेव, दुदेश्वर महादेवी बगीची, रेवतडा के जलंधरनाथ महादेव मंदिर, आपेश्वर महादेव मंदिर, ओटवाला के नागाजी मंदिर, सुराणा के ओगडनाथ महादेव आदि मंदिरों में श्रद्धालु उमड़े।

मूक बधिर विद्यालय में सेवा-संस्कार कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से रविवार शाम को शहर के सामतीपुरा रोड स्थित महावीर आवासीय मूक बधिर विद्यालय में एक सेवा व संस्कार कार्यक्रम का आयोजन परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्य्क्ष राजेन्द्र भूतडा व जिला महिला संयोजक मधु शेखावत की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में परिषद् के सदस्य विजय जोशी - सीमा जोशी के पिता ओम जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के सभी 32 बच्चों को जोशी परिवार के सौजन्य से मिष्ठान के साथ पौष्टिक भोजन कराया गया। परिषद् की महिला सदस्यों सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा व उनके साथ हंसी खुशी के पल बिताकर उनको आल्हादित किया। इस दौरान परिषद् की ओर से सभी बालकों के स्वस्थ व खुशहाल जीवन की मंगल कामना की गयी। प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि बेजुबान व दुनिया के कोलाहल से बेखबर इन बच्चों तक सेवा व संस्कार के भाव पहुंचाना एवं् इन बच्चों का भविष्य संवारना ही परिषद् का मूल उद्देश्य है। शाखाध्यक्ष व योग प्रशिक्षक राजेंद्र भूतडा ने बच्चों के समक्ष सरल योगासनों का प्रदर्शन कर उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस बीच बालकों ने इशारों- इशारों की भाषा में गीत के साथ सुंदर नृत्य पेश कर सभी को आत्म विभोर कर दिया।

सचिव संतोष कुमार दवे,शाखा महिला संयोजक सीमा जोशी, महेंद्र आनंद वैष्णव, नंदकिशोर जेथलिया शांतिलाल सोनी, भेरूलाल, अशोक सोनी ,जगदीश अग्रवाल, श्यामा भूतडा, चंद्रकला जोशी, प्रीति हाडा, राजूदेवी खाबाणी, कृष्ण , रितिक सहित विद्यालय के शिक्षक दौलत राम, हितेश आदि उपस्थित थे।

केन्द्रीय कारागृह एवं बाल गृहों का निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर चन्द्र शेखर शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुखराज गहलोत एवं मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, जोधपुर महानगर श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा सोमवार को केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर का निरीक्षण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह के उपाधीक्षक सौरभ स्वामी, जेलर एवं अन्य कारागृह के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह में स्वच्छता, साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के साथ-साथ जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा व उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी के साथ राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान में प्रदत्त निर्देशों की पालना में व चन्द्र शेखर शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को पुखराज गहलोत द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, राजकीय बालिका एवं शिशु गृह, बाल बसेरा चाईल्ड केयर होम, बचपन चिल्ड्रन केयर होम, मदर टेरेसा मानसिक विमंदित गृह एवं सिद्धार्थ बाल निकेतन मानसिक विमंदित गृह का मासिक निरीक्षण किया गया।

गृह में निवासरत बच्चों, विमंदित बालक बालिकाओं से वार्तालाप की गई और उनके भोजन, चिकित्सा सुविधा, रहन-सहन व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच पड़ताल की गई। साफ-सफाई व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

मुकेश व गणपत ने वाको किक बॉक्सिंग में कांस्य जीता

जालोर, (कासं)। जालोर के मुकेश कुमार व गणपत गहलोत ने राष्ट्रीय वाको किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत जालौर को गौरवान्वित किया

जिला वाको किक बॉक्सिंग संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि मपुसा गोवा में 24 से 28 जुलाई तक राष्ट्रीय सीनियर वाको किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता को गोवा एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन व वाको किक बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में 51 किलो भार वर्ग में लौ किक इवेंट में मुकेश कुमार व 75 किलो भार वर्ग में फूल कांटेक्ट इवेंट में गणपत गहलोत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों ने कांस्य पदक अर्जित किया। यह दोनों खिलाडी मुक्केबाजी प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार के सानिध्य में शाह पूजाजी गेनाजी जिला क्रीडा केंद्र स्टेडियम ग्राउंड व स्वर्णागिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के केंद्र पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। राजस्थान किक बॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन के महासचिव पुष्पेंद्र गुर्जर ने उज्जवल भविष्य की कामना की। मुकेश व गणपत के कांस्य पदक जीतने पर जिला खेल अधिकारी ओम प्रकाश बारिया, समाजसेवी मुकेश सुंदेशा, क्रीडा भारती के महासचिव भागीरथ गर्ग, राष्ट्रीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला, जिला योगासन संघ के अध्यक्ष दशरथ चौधरी, टेबल टेनिस संघ के सचिव नाथु सोलंकी, बॉक्सिंग कोच पुष्पेंद्र परमार, अर्जुन सिंह सिंदल, ओमप्रकाश गर्ग, मुनिराज सिंह, भंवर लाल प्रजापत, नारायण सिंह राजपुरोहित, पुखराज माली, गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, कैलाश नाथ,रणजीत सिंह, जगदीश सोलंकी, दिनेश पालीवाल शुभकामनाएं दी।

जालोर के मुकेश कुमार व गणपत गहलोत ने राष्ट्रीय वाको किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं के क्रियान्वन पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर जालोर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमें उन्होंने विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं के संबंध में विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर 6 माह से अधिक प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के तहत 1 से 8 अगस्त तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आमजन को जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कार्य किये जाने के साथ ही 7 अगस्त "हरियाली तीज" को अधिकतम महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जावें। जिला कलैक्टर ने बजट घोषणाओं के संबंध में भूमि आवंटन के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यकतानुसार भूमि का प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार पटवारियों को पटवार मण्डल मुख्यालय में निवास करने तथा ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने अन्तरविभागीय प्रकरणों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए उनका निस्तारण किया। जिला कलैक्टर ने जल जीवन मिशन योजना के तहत पाईपलाईन डालने के लिए तोड़ी गई सीसी व डामर सड़कों की तत्काल मरम्मत करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले के समस्त ब्लॉक शिक्षाधिकारियों को सभी विद्यालयों में सोलर लाईट लगाने के प्रस्ताव संकलित कर भिजवाने की बात कही।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बधाई दी

बालोतरा, (निसं)। ओमप्रकाश माथुर के सिक्किम के राज्यपाल नियुक्त होने पर उनके निवास दिल्ली पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की। भाजपा जिला मंत्री खेताराम प्रजापत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम माथुर के राज्यपाल पद पर मनोनयन होने पर आज माथुर के दिल्ली निवास पर भाजपा जिला प्रभारी राजेंद्र बोराणा के नेतृत्व में पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी।

अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर बालोतरा नानूराम सैनी ने जसोल फांटा स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का जायजा लिया।

सैनी ने भोजन की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था एवं पेयजल सहित अन्य इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्र में कार्यरत कार्मिकों को आमजन के लिए परोसे जाने वाले भोजन की थाली की गुणवत्ता बनाए रखने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक मेनू, भोजन टोकन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भोजन कर रहे लाभार्थियों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा एवं स्वयं भी भोजन खाकर पौष्टिकता को जाना।